# कौशल विकास से मिलेंगे डेढ़ लाख रोजगार

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश का कौशल विकास मिशन एक साल में डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार दिलाएगा। इसके लिए अलग-अलग जिलों में मिशन की ओर से एक के बाद एक जिले स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेलों में ही कम्पनियों और चयनित युवाओं के बीच नियुक्ति के लिए करार भी कराए जाएंगे। मेलों में शिरकत करने के लिए युवाओं को पहले से ऑनलाइन या ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

- जिला स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन होगा
- ऑनलाइन-ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार की है। जिसे अगले वर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह से अमली जामा पहनाया जाएगा। इन रोजगार मेलों में वही युवा भाग ले सकेंगे जो हाईस्कूल पास होने के साथ-साथ आईटीआई के फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टर्नर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक और इंट्रूमेंट मैकेनिक ट्रेड से वर्ष 2023 या 2024 में उत्तीर्ण हुए हों। इसके लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 27 वर्ष तय की गई है। इस प्रकार से सबसे अधिक लाभ आईटीआई पास युवाओं को मिलेगा। कार्ययोजना में कौशल विकास मिशन के साथ-साथ मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना को भी जोड़ा गया है।